www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-293 सागवाड़ा, शुक्रवार, 15 जुलाई, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े हुए ससुर-दामाद आकाशीय बिजली गिरने से घायल, दो बकरियों की हुई मौत

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के सुराजगांव गांव में आकाशीय बिजली गिरने से ससुर व दामाद घायल हो गए। वही दो बकरियों की मौत हो गई। ससुर व दामाद बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े हुए थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से हादसा हुआ है। घायलो को सागवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाने के थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि खरवेडा गढ़ी निवासी प्रकाश पुत्र नानू भगोरा और उसके ससुर रमेश पुत्र पूंजा राठौड़ शुक्रवार को खड़गदा निवासी अपने रिश्तेदार नानू पुत्र बगिया डामोर के वहां मेहमान आए थे। इसके बाद दोनों बाइक पर बैठकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान सुराजगांव के पास पहुंचते ही तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए प्रकाश व रमेश ने सुरजगांव-भीलूड़ा मार्ग पर एक पेड़ के नीचे रुक गए। बारिश कम होने पर जैसे ही बाइक स्टार्ट की वैसे ही पेड़ पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे ससुर व दामाद दोनो बाइक सहित नीचे गिर गए और बेहोश हो गए। होश में आने के बाद ससुर व दामाद ने अपने रिश्तेदार नानू डामोर को फोन करके सूचना दी। सूचना पर नानू डामोर मौके पर पहुंचे । जहां पर दो बकरियां मरी हुई थी। वही दोनो भी गंभीर अवस्था मे थे। इसके बाद नानू डामोर ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और ससुर व दामाद को सागवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका उपचार जारी है।

## सीमलवाड़ा कस्बे में अलग-अलग दुकानों पर काम करते हुए 4 बालश्रमिकों को मुक्त कराया

सीमलवाड़ा। जिले में बालश्रम रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सृष्टि सेवा संस्थान, चाइल्ड लाइन ओर पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमलवाड़ा कस्बे में कार्यवाही की। टीम ने सीमलवाड़ा कस्बे में अलग-अलग दुकानों पर काम करते हुए 4 बालश्रमिकों को मुक्त कराया है।

टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल बलदेवसिंह ने बताया कि सीमलवाड़ा कस्बे में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम होने की सूचना मिली थी जिस पर आज टीम ने सीमलवाड़ा कस्बे में कार्यवाही की। टीम ने सीमलवाड़ा कस्बे में स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार, नेशनल शूज स्टोर, श्रीनाथ मेटल्स और भैरवनाथ ऑटो गैरेज से एक-एक बालश्रमिक को मुक्त करवाया। बलदेव सिंह ने बताया कि 4 में से 2 बालश्रमिक मजदूरी के साथ पढ़ाई भी कर रहे हैं वहीं अन्य दो बालश्रमिक कभी भी स्कूल नहीं गए। तथा बेहद कम मानदेय पर मजदूरी कर रहे थे। बच्चों को काउंसलिंग के बाद सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें बाल संप्रेषण गृह भेजने के आदेश हुए । बलदेव सिंह ने बताया कि सभी बच्चों के अभिभावकों को सूचना दे दी गई है और अभिभावकों के आने के बाद उनसे काउंसलिंग कर बच्चों से मजदूरी नहीं करवाने तथा उन्हें स्कूल भेजने के लिए पाबंद किया जाएगा वही नियोक्ताओं के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा 31 मामलों का निस्तारण कई उपभोक्ताओं को मिली राहत

**उदयपुर।** राज्य उपभोक्ता आयोग जयपुर की सर्किट बैंच उदयपुर द्वारा 11 से 15 जुलाई तक उदयपुर संभाग के विभिन्न जिलों के उपभोक्ता प्रकरणों की सुनवाई की गई। इस दौरान राज्य आयोग के सदस्य सुरेन्द्र कुमार जैन व शैलेन्द्र भट्ट की बैंच द्वारा बीमा, स्वास्थ्य, शॉपिंग मॉल, विद्युत निगम, यूआईटी, नगर निगम सहित कई विभागों से जुड़े एवं अन्य मामलों पर सुनवाई की गई। इस सुनवाई में करीब 140 मामले प्राप्त हुआ जिनमें से 40 मामलों का निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि राज्य आयोग की उदयपुर सर्किट बैंच में उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद व प्रतापगढ़ जिलों से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाती है।

**बीमा कंपनी को 5 लाख का क्लेम देने के आदेश**- आयोग द्वारा निस्तारित एक प्रकरण में फ्यूचर जनरल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को वल्लभनगर वाजमिया गांव निवासीउ प्रार्थिया बंटी कंवर पत्नी स्वर्गीय मूलसिंह को करीब 5 लाख रुपये की राशि मय ब्याज के अदा करने के निर्देश दिए है। निर्णय के अनुसार वाहन मालिक स्वर्गीय मूलसिंह ने ऑनर कम ड्राइवर का बीमा व वाहन का बीमा संयुक्त रूप से करवाया था। सड़क दुर्घटना में मूलसिंह की मृत्यु होने के बाद लाइसेंस व अन्य दस्तावेज संबंधि आपत्ति लगाकर बीमा कंपनी द्वारा क्लेम खारिज किया था। आयोग ने अपने निर्णय में बीमा कंपनी को आदेश दिया कि मृतक की पत्नी बंटी कंवर को व्यक्तिगत बीमा के दो लाख व सम्पूर्ण वाहन क्षति के 2 लाख 5 हजार रुपये, सन 2014 से मय ब्याज अदा करना सुनिश्चित करें। साथ ही हर्जा खर्चा भी प्रार्थियों को प्रदान करने के आदेश दिए।

## नगर के विद्यालयों में होगी शिक्षा की प्रतिस्पर्धा

**सागवाड़ा।** नामांकन वृद्धि तथा शैक्षणिक गुणवत्ता वृद्धि को लेकर नगर पालिका क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक सीबीईओ भेमजी खाट के मुख्य आतिथ्य एवं महिपाल प्रधानाचार्य वेलचंद्र पाटीदार की अध्यक्षता में रा उ प्रा वि नंबर 3 में आयोजित हुई। विशिष्ट अतिथि प्रेमलता बेरवा, शैलेश जोशी, व विनोद पाटीदार रहे। खाट ने प्रत्येक विद्यालय के नामांकन लक्ष्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने घर-घर सर्वे अभियान चलाने विद्यालय के शैक्षणिक सुधार हेतु सामूहिक नवाचारों के माध्यम से अतिरिक्त प्रयास करने तथा विद्यालय को भौतिक समृद्धि दिलाने भामाशाह को प्रेरित करने का आह्वान किया। अतिथियों ने नगरपालिका क्षेत्र मैं किसी भी छात्र के शिक्षा से वंचित नहीं रहने उन्हें चिन्हित



कर जोड़ने तथा राजकीय विद्यालयों से संबंधित राज्य सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। विद्यालय में पर्यावरण शुद्धि हेतु की गई बागवानी और पौधारोपण को सराहते हुए नगर पालिका क्षेत्र में नवीन सत्र हेतु पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। स्वागत उदबोधन संस्थाप्रधान अनित बलाई ने दिया। संचालन नानूराम रोत ने किया व आभार रुपेश भट्ट ने माना इस अवसर पर अनीता जैन, रजनी पुरोहित रीना पाटीदार, अरविंद पाटीदार एवं समस्त नगर परिक्षेत्र के संस्थाप्रधान उपस्थित थे।

### सीमलवाड़ा में किसान संघ का हुआ तहसील स्तरीय सम्मेलन

## किसानों की मांगो को लेकर एसडीएम ऑफिस पर किया प्रदर्शन

**सीमलवाड़ा।** किसान संघ का तहसील स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में किसानो की मांगो व समस्याओ पर चर्चा की गई। वही इसके बाद किसानो ने अपनी मांगो को लेकर सीमलवाडा एसडीएम ऑफिस पहुंचकर प्रदर्शन किया। इधर किसान संघ ने एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन देकर किसानो की मांगो को पूरा करते हुए राहत देने की मांग की है।

किसान संघ राजस्थान चित्तौड़ प्रांत की ओर से डूंगरपुर जिले के सीमलवाड़ा में तहसील स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रांत उपाध्यक्ष रघुराज सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानो ने भाग लिया। सम्मेलन में स्थानीय किसानो ने अपनी समस्याओ व मांगो को लेकर संघ के पदाधिकारियों को अवगत करवाया। इस दौरान किसानो ने बताया की डूंगरपुर जिले में 80त्न खराबा होने के बावजूद राजस्व विभाग की ओर से सही आंकलन नहीं किया गया मात्र 22त्न ही खराबा बताकर किसानों को मुआवजा से वंचित कर रखा गया। फसल खराबा का आंकलन अधिकारियों ने घर बैठे किया है, फील्ड में सही आंकलन नहीं करने से किसानों को मुआवजा राशि से मोहताज होना पड रहा है। क्षेत्र में दूध प्रचुर मात्रा में संग्रहण होता है लेकिन संग्रहण केन्द्र बांसवाड़ा में व्यवस्था सही नही होने से दूध गुजरात जाता है। वही गुजरात के व्यापारियों द्वारा समय पर उसका भुगतना नहीं किया जाता है। किसानो ने खरीफ की बुवाई शुरू कर दी है। लेकिन किसानो को जिले में खाद ही उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सम्मेलन के बाद सभी किसान सीमलवाडा एसडीएम ऑफिस पहुंचे और किसानो की विभिन्न मांगो व समस्याओ को लेकर प्रदर्शन किया। वही एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में वर्ष 2021 में हुए फसल खराबे का सही आंकलन करवाने, डूंगरपुर में दूध संग्रहण केन्द्र खुलवाने, समय पर खाद बीज उपलब्ध कराने, बीमा क्लेम का भुगतान करवाने की मांग की है। वही मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रांत उपाध्यक्ष रघुराज सिंह, जिलाध्यक्ष गौरीशंकर पाटीदार, जिला मंत्री पृथ्वी सिंह नायक, कुरा भाई, नाथू भाई, सीमलवाड़ा अध्यक्ष अमृत लाल पाटीदार, प्रकाश पंड्या, सागवाड़ा अध्यक्ष रतन लाल, गोविंद पाटीदार, भंवर लाल कलासुआ, रमेश पाटीदार, गटु भाई सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## मीठा बोलने के लिए स्वभाव को बदलना होगाः केवलराम महाराज

**सागवाड़ा।** बड़ा रामद्वारा में शुक्रवार को चातुर्मास प्रवचन देते हुए ब्यावर रामद्वारा के रामस्नेही संत केवलराम महाराज ने कहा कि जिस तरह पारस को छूने से लोहा सोने में बदल जाता है। उसी तरह संत महात्माओं के उपदेश, कथा व सत्संग श्रवण से व्यक्ति की जीवन शैली में बदलाव आता है। समुंदर के किनारे खड़े रहने से उसका दूसरा किनारा नहीं दिखता है क्योंकि समंदर अथाह है। 'भगवान मेरी नैया, पार लगा देना, अभी तक तो निभाया है, आगे भी निभा देना ' कर्णप्रिय भजन सुनाते हुए उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने राम नाम को बड़ा जहाज बताया है, प्रभु नाम की नौका के सहारे संसार रूपी भवसागर को पार किया जा सकता है। कविगण शब्दों के माध्यम से अपनी बात कह देते हैं। उसी तरह संत लोग कथा सत्संग के माध्यम से प्रभु के महान चरित्र का गान करते हैं। प्रभु के चरणों में जिनका प्रेम है, आस्था है। उन्हें प्रभु की कथा मीठी लगती है। संत ने कहा कि गुड़ और शक्कर खाने से मीठा नहीं बोल सकते, मीठा बोलने के लिए स्वभाव को बदलना होगा। इस दौरान विष्णु दोसी, सुरेंद्र शर्मा, विजय पंचाल, देवीलाल रोत, नाथू परमार, बलदेव सोमपुरा, जयंतीलाल भावसार समेत कथा रसिक महिलाएं मौजूद थी।

## रात को राहगीरों पर पथराव कर लूट करने वाले गिरोह का खुलासा

### दोवडा पुलिस ने 3 बदमाशो को किया गिरफ्तार, लूटी गई एक बाइक भी की जब्त

**आसपुर।** जिले की दोवडा थाना पुलिस ने रात्री के समय राहगीरों पर पथराव कर लूटपाट व मारपीट करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 3 बदमाशो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशो से लूटी गई एक बाइक भी जब्त की है। पुलिस बदमाशो से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में और भी वारदाते खुलने की सम्भावना है। डूंगरपुर जिले के दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की पारडा चौबीसा निवासी प्रदीप पिता बाबूलाल परमार ने थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में प्रदीप परमार ने बताया की 9 जुलाई को प्रदीप व उसका छोटा भाई रवि बाइक पर घोडासर अपने किसी रिश्तेदार के मेहमान गए थे। देर शाम को दोनों भाई वापस घोडासर से अपने गांव पारडा चौबीसा के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान रास्ते में धावडी मोठ स्कूल के पास सड़क पर 3 युवक आये और उनकी बाइक को रुकवा ली। वही तीनो युवको ने शराब के लिए पैसे मांगे। जिस पर प्रदीप ने पैसे देने से मना किया तो तीनो युवको ने उसके सिर पर लट्ठ व पत्थर से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इधर बदमाशो ने प्रदीप की जेब में रखे चार हजार 500 रुपए लूट लिए वही उसकी बाइक भी लेकर फरार हो गए। इधर पीड़ित की रिपोर्ट पर दोवडा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर एक विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर घोड़ी आमली निवासी अशोक पिता लक्ष्मण अहारी, भरत पिता कांतिलाल अहारी और राहुल पिता पूंजीलाल अहारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो तीनो ने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर दोवडा थाना पुलिस ने तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वही पुलिस ने बदमाशो के कब्जे से लूटी गई बाइक भी जब्त की है। पूछताछ में मौज शोक पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देना बताया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में और भी वारदातों के खुलने की सम्भावना है।

## राजस्थान अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष डॉ. यादव ने ली बैठक

**उदयपुर।** राजस्थान अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) डॉ. शंकर यादव शुक्रवार को उदयपुर दौरे पर रहे। डॉ. यादव ने सर्किट हाउस में अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक ली।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अनुसूचित जाति के सर्वांगीण विकास के लिए आयोग को जो दायित्व सौंपा है, इसमें आयोग पूर्ण तत्परता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस वर्ग के लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाने एवं विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए उदयपुर से इसकी शुरूआत की गई हैं। प्रारंभ में परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम गिरीश भटनागर ने निगम की अब तक की प्रगति के बारे में अध्यक्ष को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि अनुजा निगम उदयपुर द्वारा गत वित्तीय वर्ष में 81 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की है। इस वित्तीय वर्ष में भी शुरूआत से तीव्र गति से कार्य करते हुए आरम्भिक 2 माह में ही 240 आवेदन तैयार कर लिये गये।

## जिले में हेल्दी लीवर व अमृत महोत्सव, निशुल्क कोविड बूस्टर डोज अभियान की हुई शुरुआत

**डूंगरपुर।** जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज जिले में अमृत महोत्सव निशुल्क कोविड बूस्टर डोज अभियान व हेल्दी लीवर अभियान की शुरुआत हुई। हेल्दी लीवर अभियान के तहत लोगो को हेपीटाईटीस रोग के प्रति लोगो को जागरूक किया जाएगा वही जिले में जेलों में बंद बंदियों के साथ हाईरिस्क केटेगेरी के लोगो की हेपीटाईटीस रोग की जांच की जाएगी। इधर अमृत महोत्सव कोविड बूस्टर डोज अभियान में लोगो को बूस्टर डोज निशुल्क लगाई जाएगी।

डूंगरपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शर्मा ने सीएमएचओ ऑफिस में पत्रकार वार्ता कर बताया की राज्य सरकार के निर्देश पर जिले में अमृत महोत्सव निशुल्क कोविड बूस्टर डोज अभियान व हेल्दी लीवर अभियान की आज से शुरुआत की गई है। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने हेल्दी लीवर अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया की अभियान के तहत राजस्व विभाग, आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के साथ मिलकर जिले में हेपीटाईटीस रोग को लेकर लोगो को जागरूक किया जायेगा। वही अभियान के तहत स्कूलों व गाँवों में पेयजल के लिए बनी पानी टंकियो की साफ-सफाई करवाई जाएगी। वही इसके साथ ही जिले के कारागृहो में बंद बंदियों की हेपीटाईटीस रोग की जांच के साथ जिले में हाईरिस्क केटेगेरी में शामिल 100 लोगो की भी हेपीटाईटीस रोग की जांच की जाएगी। वही अगर इनमे से कोई व्यक्ति पोजिटिव आता है तो उसका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थापित मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर में उपचार किया जाएगा। वही उन्होंने बताया की राजकीय अस्पताल में नवजात शिशुओ को हेपीटाईटीस का टीका निशुल्क लगाया जा रहा है वही निजी अस्पतालों को भी नवजातो को 24 घंटे के भीतर हेपीटाईटीस का टीका लगाने के लिए पाबन्द किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शर्मा ने बताया की जिले में कोरोना एक केस वापस आने लगे है। इधर सरकार की ओर से आज से अमृत महोत्सव निशुल्क कोविड बूस्टर डोज अभियान भी शुरू किया गया है। जिसके तहत राजकीय अस्पतालों में ऐसे लोग जिन्हें कोरोना की सेकेण्ड डोज लगाए 6 माह बीत चुके है उन्हें निशुल्क कोरोना का बूस्टर डोज लगाया जाएगा।

## डूंगरपुर के मास्टर प्लान में पेरा-फेरी गांवों को शामिल करने का विरोध

### सरपंचो के नेतृत्व में गांवों के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** नगरपरिषद के मास्टर प्लान में नगरपरिषद क्षेत्र से लगते पेरा-फेरी गाँवों को शामिल करने का ग्रामीणों ने विरोध जताया है।

सरपंचो के नेतृत्व में। गांवों के ग्रामीण आज कलेक्ट्रेट पहुंचे जहा पर ग्रामीणों ने पेरी-फेरी गांवों को मास्टर प्लान में नहीं जोड़ने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया वही कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

डूंगरपुर नगरपरिषद के मास्टर प्लान में नगरपरिषद क्षेत्र से लगते पेरा-फेरी गाँवों को शामिल किया गया है। इसको लेकर पेरा-फेरी गाँव के जनप्रतिनिधियो व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इसी के तहत भाटपुर सरपंच प्रकाश के नेतृत्व में भाटपुर, गोकुलपुरा, बिलडी, सुरपुर, कुशालमगरी,बोरी और ददोडिया गाँव के ग्रामीण आज कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जहा पर। गाँवों के लोगो ने डूंगरपुर नगरपरिषद के मास्टर प्लान में नगरपरिषद क्षेत्र से लगते पेरा-फेरी गाँवों को शामिल करने का विरोध जताया और प्रदर्शन किया।

इस मौके पर सरपंचो व ग्रामीणों ने बताया की पेरा-फेरा गाँवों में बिलानाम भूमि पर आदिवासी सालो से काबिज होकर खेती कर अपने एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे है। लेकिन इन गाँवों को नगरपरिषद के मास्टर प्लान में शामिल किये जाने पर ये सभी लोग बेघर और अपनी खेती से बेदखल हो जायेंगे।

जिसको लेकर ग्रामीणों में विरोध है। ऐसे में ग्रामीणों ने पेरी-फेरी गाँवों को मास्टर प्लान में नहीं जोड़ने की मांग को लेकर कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में सरपंचो व ग्रामीणों मास्टर प्लान के अनुसार जिन बिलानाम भूमि को अधिग्रहित करना है उससे पूर्व यहाँ के लोगो को राजस्व केम्प लगाकर उनके नाम से अलोटमेंट की जाकर उन्हें पट्टे दिए जाने की मांग की है ।

वही मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने आन्दोलन की चेतावनी दी है।

## पट्टा वितरण में सागवाड़ा को पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य - खोड़निया

### प्रशासन शहरों के संग अभियान शुरू, 18 व 19 जुलाई को वार्ड 13 कुडारवाड़ा में शिविर होगा

**सागवाड़ा।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार नगर पालिका सागवाड़ा में प्रशासन शहरों के संग अभियान के शिविर का दूसरा चरण शुक्रवार से शुरू हुआ। शुक्रवार को शहर के मांडवी चौक स्थित टाउनहॉल में शिविर का उद्घाटन एसडीएम रामचंद्र खटिक, तहसीलदार मयूर शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, उपाध्यक्ष राजु मामा शेख की मौजूदगी में हुआ। समारोह की अध्यक्षता महावीर जैन ने की।



मुख्य अथिति ध्यानीलाल कंसारा थे जबकि विशिष्ट अथिति चन्द्रशेखर संघवी, ललित पंचाल, नानूलाल मकवाना, बन्धु पाठक व नेता प्रतिपक्ष हरिश्चंद्र सोमपुरा थे। नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों के काम मौके पर ही करना है। अधिक से अधिक लोगों को उनके मालिकाना हक दिलाते हुए पट्टे जारी करना है। पट्टा वितरण में सागवाड़ा नगर पालिका को प्रदेश में पहले स्थान पर लाने के लक्ष्य से काम किया जा रहा है। इसके लिए पालिका की ओर से हर वार्ड की टीम बनाई गई है जो यह सर्वे कर रहे हैं कि पट्टे से कोई वंचित तो नहीं है। खोड़निया ने बताया कि 18 व 19 जुलाई को वार्ड 13 कुडारवाड़ा में शिविर होगा।

कार्यक्रम में पार्षद प्रदीप जोशी, जाकिर, सुखलाल, करण हरिजन, भाई, किशोर भावसार, डायालाल पाटीदार, महेश सोनी, सुरेश सेवक, जवाहर लाल रोत, फारुख शेख, प्रकाश खटीक, आशा खटीक, अशोक रोत, मीना सेवक, दक्षा सोनी, वंदना शाह, खुशपाल गलालिया, विमल कलासुआ, अभियान प्रभारी रोशन व्यास, जितेंद्र शर्मा मिलिन मीणा, सिद्धाथ शर्मा सहित पालिका कर्मचारी मो मौजूद रहे।